<u>सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में ईद उत्सव</u>

ए ईद तुम जब भी आना, सबके लिए खुशियाँ लाना

जो रोते हैं उन्हें हँसाना, जो रूठे है उन्हें मनाना

जो बिछुड़े हैं उन्हें मिलाना , प्यारी ईद तुम जभी आना, सबके लिए खुशियाँ लाना

यह संदेश था दिनांक एक सितम्बर 2017 को विद्यालय में मनाये गए **''ईद उत्सव''** का । सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में ईद के त्योहार के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं 'अ' के छात्र – छात्राओं ने ईद की त्योहार के संदेश को व्यक्त करते नाटक नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दीं । छात्रों ने मुंशी प्रेमचन्द्र की अमर कहानी 'ईदगाह' का मंचन भी किया । विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स जी ने अपने शुभ कामना संदेश में सभी को ईद के त्योहार के शुभकामनाएँ दी तथा यह संदेश दिया कि हमें ईद के त्योहार का वास्तविक अर्थ समझते हुए आपसी प्रेम और भाई चारे को अपनाना चाहिए ।